Directions (1-5): दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए-

दस व्यक्ति समान वर्ष के विभिन्न महीनों अर्थात् जनवरी, फरवरी, अप्रैल, जून, जुलाई की 16 और 21 तारीख को सेमिनार में भाग लेते है, लेकिन आवश्यक नहीं कि सभी समान क्रम में हों। वे सभी विभिन्न शहरों से सम्बंधित है।
16 जून को सेमिनार में भाग लेने वाला व्यक्ति कलकत्ता से है। V उस महीने के 21 तारीख को सेमिनार में भाग लेता है जिसमें 31 से कम दिन है, लेकिन यह फरवरी नहीं है। V और W के मध्य तीन व्यक्ति सेमीनार में भाग लेते है, W जो उदयपुर से है। X जून में सेमिनार में भाग नहीं लेता है। Y और S एक ही महीने में सेमीनार में भाग लेते हैं। Y बैंगलोर से है। U, V के ठीक बाद सेमिनार में भाग लेता है। U और T के मध्य तीन व्यक्ति सेमीनार में भाग लेते हैं, T जो न तो जयपुर से और न ही पुणे से सम्बंधित है। अप्रैल में सेमीनार में भाग लेने वाला उनमें से कोई एक व्यक्ति वाराणसी से सम्बंधित है। W अंतिम दिन सेमिनार में भाग नहीं लेता है। भोपाल से सम्बंधित व्यक्ति और जयपुर से सम्बंधित व्यक्ति एक ही तारीख में सेमिनार में भाग नहीं लेते हैं। R और P के मध्य दो व्यक्ति सेमिनार में भाग लेते हैं, P जो चेन्नई से है। R, P से पहले सेमिनार में भाग लेता है तथा वह पुणे और लखनऊ से नहीं है। वाराणसी और शिलौंग से सम्बंधित व्यक्तियों के मध्य तीन व्यक्ति सेमिनार में भाग लेते है। X और Q के मध्य दो व्यक्ति सेमीनार में भाग लेते हैं और उनमें से कोई जनवरी और फरवरी में सेमीनार में भाग नहीं लेते हैं। Y विषम संख्या वाली तारीख पर सेमीनार में भाग नहीं लेता है। भोपाल से सम्बंधित व्यक्ति किसी भी महीने की 16 तारीख को सेमीनार में भाग नहीं लेता है। T वाराणसी से नहीं है और R शिलौंग से नहीं है। X जयपुर और लखनऊ से नहीं है।

Q1. निम्न में से 16 फरवरी को सेमिनार में कौन भाग लेता है?
(a) चेन्नई से सम्बंधित व्यक्ति
(b) S
(c) लखनऊ से सम्बंधित व्यक्ति
(d) U
(e) इनमें से कोई नहीं

Q2. निम्न में से कौन वाराणसी से सम्बंधित है?
(a) X
(b) V
(c) R
(d) W
(e) इनमें से कोई नहीं

Q3. 21 जून को सेमीनार में भाग लेने वाला व्यक्ति किस शहर से सम्बंधित है
(a) लखनऊ
(b) बैंगलोर
(c) पुणे
(d) भोपाल
(e) इनमें से कोई नहीं



Q4. U और W के मध्य कितने व्यक्ति भाग लेते हैं?

(a) तीन

(b) एक

(c) दो

(d) तीन से अधिक

(e)कोई नहीं

Q5. R के विषय में कौन-सा सयोंजन सत्य है?

(a) 21 जुलाई

(b) 16 फरवरी

(c) 21 अप्रैल

(d) 16 जून

(e) 16 जनवरी

Directions (6-10): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक शब्द और संख्या व्यवस्था मशीन को जब शब्दों और संख्याओं की एक इनपुट पंक्ति दी जाती है, तो वह प्रत्येक चरण में एक निश्चित नियम का अनुसरण करते हुए उन्हें व्यवस्थित करती है। निम्नलिखित इनपुट और पुनर्व्यवस्था का एक उदहारण है:

इनपुट: 14 car 63 arrow 25 road 72 tractor 49 museum

चरण I: museum 14 car 63 arrow 25 roadtractor 49 72

चरण II: tractor museum 14 car arrow 25 road 49 72 63

चरण III: road tractor museum14 car arrow 25 72 63 49

चरण IV: arrow road tractor museum14 car 72 63 49 25

चरण V: car arrow road tractor museum 72 63 49 25 14

चरण V, उपर्युक्त व्यवस्था का अंतिम चरण है।

उपर्युक्त दिए गए चरणों में अनुसरण किये गए नियमों के अनुसार, दिए गए इनपुट के लिए निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में उपयुक्त चरण ज्ञात कीजिये।

इनपुट:11 neat 31 hand 56 pencil 74 eraser 9 marker

Q6. निम्नलिखित में से कौन से चरण में, तत्व 'hand 9 74' समान क्रम में हैं?

(a) चरण I

(b) चरण IV

(c) चरण V

(d) चरण II

(e) इनमें से कोई नहीं

Q7. चरण III में दाएं छोर से दूसरे तत्व तथा चरण IV में दाएं छोर से पहले तत्व के बीच कितना अंतर है?
(a) 12
(b) 31
(c) 11
(d) 13
(e) इनमें से कोई नहीं

Q8. चरण V में, 'hand' का संबंध 'neat' से है तथा 'eraser' का संबंध '56' से है। इसी समान तरीके से '31' का संबंध किससे है?
(a) pencil
(b) hand
(c) 74
(d) 9
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q9. दी गई व्यवस्था में चरण IV में 'eraser' और '9' के ठीक मध्य कौन सा तत्व है?
(a) hand
(b)eraser
(c) neat
(d) 31
(e) 74

Q10. अंतिम व्यवस्था के लिए कितने चरणों की आवश्यकता है?
(a) 6
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) 4
(d) 7
(e) 5

Directions (11-15): निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

यहाँ पर AB अक्ष इस प्रकार दिए गए हैं कि A उत्तर में है और B दक्षिण दिशा में है. यहाँ पर XY अक्ष इस प्रकार है कि X पश्चिम दिशा में है और Y पूर्व दिशा में है. AB अक्ष और XY अक्ष एक दुसरे को बिंदु Q पर इस प्रकार काटते हैं कि AQ, 15मीटर है, QB, 14मीटर है, QX 12मीटर है, QY, 13मीटर है.
अमित बिंदु X से चलना शुरू करता है और 5 मीटर उत्तर की ओर चलता है फिर वह दायें मुड़ता है और 7 मीटर चलता है फिर दोबारा दायें मुड़ता है और 11मीटर चलता है.निखिल बिंदु Y से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 6 मीटर चलता है और अपने बाएं मुड़ता है और 3 मीटर चलता है फिर दोबारा वह बाएं मुड़ता है और बिंदु Z तक 2 मीटर चलता है. रिषभ बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम दिशा में 5मीटर चलता है और बाएं मुड़कर 10 मीटर चलता है.

Q11. अमित की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में, बिंदु Z किस दिशा में है?

(a) दक्षिण

(b) उत्तर-पूर्व

(c) दक्षिण-पश्चिम

(d) पश्चिम

(e) उत्तर-पश्चिम

Q12. रिषभ की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में, बिंदु A किस दिशा में है?

(a) उत्तर

(b) पूर्व

(c) उत्तर -पूर्व

(d) उत्तर -पश्चिम

(e) दक्षिण

Q13. अमित की वर्तमान स्थिति और रिषभ की वर्तमान स्थिति के मध्य की दूरी कितनी है?

(a) 3 मी

(b) 5 मी

(c) 11 मी

(d) 12 मी

(e) इनमें से कोई नहीं

Q14. A और Y के मध्य न्यूनतम दूरी कितनी है?

(a) √390

(b) √395

(c) √392

(d) √394

(e) इनमें से कोई नहीं

Q15. बिंदु Y के संदर्भ में, बिंदु A किस दिशा में है?

(a) उत्तर

(b) पूर्व

(c) दक्षिण-पूर्व

(d) उत्तर-पश्चिम

(e) दक्षिण

Directions (16-20): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न और तीन कथन I, II, III दिए गए हैं. अब आपको निर्धारित करना है कि कथन में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है.

Q16. साहिल किस तारीख को अपना जन्मदिन मनाता है?

(I) उसकी बहन को याद है कि उसका जन्मदिन 15 जुलाई के बाद लेकिन 25 जुलाई से पहले है.

(II) साहिल का दोस्त कहता है कि उसका जन्मदिन 22 जुलाई के बाद है

(III) साहिल के पिता को याद है कि उसका जन्मदिन 23 जुलाई के बाद लेकिन 28 जुलाई से पहले है

(a) केवल I

(b) दोनों I और II

(c) दोनों I और III

(d) सभी I, II & III

(e) आंकड़े अपर्याप्त

Q17. D, R से किस प्रकार संबंधित है?

(I) S, R का ग्रैंडसन है, R जो A का ससुर है. D, A की पत्नी है.

(II) R, की दो संतान हैं और M उनमें से एक है.

(III) B, M की पुत्री है, M जो S की माँ है.

(a) केवल I

(b) सभी I, II और III

(c) दोनों II और III

(d) आँकड़ें अपर्याप्त

(e) दोनों I और II

Q18. P, Q, R, S, T, U एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं. कितने व्यक्ति केंद्र की ओर उन्मुख है?

(I) P और Q के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं. R, P के ठीक बाएं बैठा है. Q, R के दायें से चौथे स्थान पर है. T, U की ओर उन्मुख नहीं है.

(II) T और S के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है, S जो U के ठीक दायें बैठा है. Q और S, T की समान दिशा की ओर उन्मुख हैं.

(III) T और U के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं, U जो P की समान दिशा की ओर उन्मुख है

(a) दोनों I और II

(b) दोनों II औरIII

(c) दोनों I और III

(d) इनमें से कोई नहीं

(e) सभी आवश्यक हैं

Q19. J, K, L, M, N और O में से सबसे लंबा कौन है?

(I) उनमें से केवल दो, L से लंबे हैं.

(II) M, O से छोटा है और N, M से छोटा है

(III) L, J से लंबा है लेकिन O और K से छोटा है.

(a) दोनों I और II
(b) दोनों II और III
(c) दोनों I और III
(d) सभी आवश्यक हैं
(e) सभी पर्याप्त नहीं हैं

Q20. बिंदु Z, बिंदु T से किस दिशा में है
(I) Z, Q के दक्षिण पश्चिम में है और S के पश्चिम में है.
(II) S, W के उत्तर में है और X के दक्षिण में है
(III) X, Q के पूर्व में है. T, X और Q के ठीक मध्य में है
(a) केवल III
(b) दोनों I और II
(c) दोनों II और III
(d) सभी आवश्यक हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (21-25): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

आठ व्यक्ति अर्थात् A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं लेकिन आवश्यक नहीं कि समान क्रम मे हों. उनमें से कुछ केंद्र की ओर तथा शेष केंद्र के विपरीत उन्मुख हैं. प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न खेल अर्थात् क्रिकेट, बेसबॉल, टेनिस, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, गोल्फ, हॉकी और बैडमिंटन पसंद करते हैं लेकिन आवश्यक नहीं कि समान क्रम में हों. दो से अधिक लगातार बैठे व्यक्ति समान दिशा की ओर उन्मुख नहीं हैं
क्रिकेट पसंद करने वाला व्यक्ति A के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है. G, A के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है. B और H एक-दूसरे के विपरीत बैठे हैं. B, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है. न तो B और न ही H क्रिकेट पसंद करता है. G और E के मध्य एक व्यक्ति बैठा है. H और F के मध्य दो व्यक्ति बैठे हैं, F, जो हॉकी पसंद करता है. C, F के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है. A और D एक-दूसरे का निकटतम पड़ोसी हैं. टेनिस पसंद करने वाले व्यक्ति और गोल्फ पसंद करने वाले व्यक्ति के मध्य एक व्यक्ति बैठा है. गोल्फ पसंद करने वाला व्यक्ति, बास्केटबॉल पसंद करने वाले व्यक्ति के विपरीत बैठा है. G बैडमिंटन पसंद करता है. बास्केटबॉल पसंद करने वाला व्यक्ति, वॉलीबॉल पसंद करने वाले व्यक्ति के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है. न तो B और न ही A वॉलीबॉल पसंद करता है. D केंद्र के विपरीत उन्मुख है. H, A समान दिशा की ओर उन्मुख है. बेसबॉल पसंद करने वाला व्यक्ति, G के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है. B और A एक-दूसरे की विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं. E और C समान दिशा की ओर उन्मुख हैं. टेनिस पसंद करने वाला व्यक्ति, गोल्फ पसंद करने वाले व्यक्ति के दाएं स्थान पर बैठा है. A टेनिस पसंद नहीं करता है.

Q21. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति बेसबॉल पसंद करता है?
(a) A
(b) B
(c) D
(d) H
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

Q22. गोल्फ पसंद करने वाले व्यक्ति के दाईं ओर से गिने जाने पर, क्रिकेट पसंद करने वाले व्यक्ति और गोल्फ पसंद करने वाले व्यक्ति के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) एक

(e) कोई नहीं

Q23. निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित रूप से एक समान है और एक समूह पर आधारित हैं, ज्ञात कीजिए कि कौन उस समूह से सम्बन्धित है?

(a) A

(b) F

(c) G

(d) E

(e) H

Q24. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति B के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है?

(a) बास्केटबॉल पसंद करने वाला व्यक्ति

(b) D

(c) गोल्फ पसंद करने वाला व्यक्ति

(d) E

(e) इनमें से कोई नहीं

Q25. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति C के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है?

(a) D

(b) गोल्फ पसंद करने वाला व्यक्ति

(c) H

(d) B

(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

Directions (26– 27): दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Q26. कथन: शहर के पश्चिमी क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले कई लोगों को मलेरिया से पीड़ित पाया गया है।

कार्यवाही:

I. नगर निगम को मलेरिया से पीड़ित हर मरीज को तुरंत 10000 रुपये का मुआवजा प्रदान करना चाहिए।

II. प्रभावित लोगों को शीघ्र चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए नगरपालिका प्राधिकरण को तुरंत आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए।

III. नगरपालिका प्राधिकरण को शहर के पश्चिमी हिस्से की बस्तियों में रहने वाले सभी लोगों को अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

(a) केवल I अनुसरण करता है
(b) केवल II अनुसरण करता है
(c) केवल I और III अनुसरण करते हैं
(d) केवल I, II और III अनुसरण करते हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

Q27. कथन: प्रबंधन के संशोधित वेतनमान लागू न करने के निर्णय के विरोध में स्थानीय विद्यालय के कई शिक्षकों ने प्रधानाचार्य को अपना इस्तीफा दे दिया।
कार्यवाही:
I. स्कूल प्रबंधन को त्यागपत्रों को स्वीकार करना चाहिए और नए शिक्षकों की नियुक्ति करनी चाहिए।
II. स्कूल प्रबंधन को वेतन वृद्धि के मुद्दे पर विचार करने के आश्वासन के साथ शिक्षकों को विद्यालय में आने के लिए राजी करना चाहिए।
III. स्कूल प्रबंधन को दिशानिर्देशों के लिए सरकार से संपर्क करना चाहिए।
(a) कोई अनुसरण नहीं करता
(b) केवल या तो I या II अनुसरण करता है
(c) केवल III अनुसरण करता है
(d) केवल I अनुसरण करता है
(e) केवल II अनुसरण करता है

Directions (28-30): इन प्रश्नों में, कथनों में विभिन्न तत्वों के मध्य सम्बन्ध दर्शाया गया है। इन कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं।
उत्तर दीजिये (a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
उत्तर दीजिये (b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
उत्तर दीजिये (c) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है।
उत्तर दीजिये (d) यदि ना तो निष्कर्ष I और ना ही II अनुसरण करता है।
उत्तर दीजिये (e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

adda247

Q28. कथन: $A \geq B = C; B < D \leq E$
निष्कर्ष: I. $D > A$ **II.** $E > C$

Q29. कथन: $L > U \geq K; Z < U < R$
निष्कर्ष: I. $L > Z$ **II.** $K < R$

Q30. कथन: $Y < J = P \geq R > I$
निष्कर्ष: I. $J > I$ **II.** $Y < R$



adda247 publications

BOOKS

Visit: publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**